<u>प्रेस रिलीज़</u>

अहमदाबाद, गुजरात दिनांक: 06/02/2020

एनएचएसआरसीएल ने अहमदाबाद के चेनपुर और रोपरा गाँव की 23 महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट की, ताकि उनके लिए आय सृजन के अवसर बढ़ें

परियोजना से प्रभावित लोगों के लिए आय बहाली कार्यक्रम के तहत, नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) के सहयोग से अहमदाबाद में चेनपुर और रोपरा गाँव की महिलाओं के लिए महीने भर 'सिलाई और टेलरिंग' प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया था। इन पाठ्यक्रमों को महिलाओं को कौशल सिखाने और उन्हें आय उत्पन्न करने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है।

इन महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलम्ब बनाने के लिए, आज, रोपरा गांव के एक समारोह में 23 सिलाई मशीनें वितरित की गईं, जहां 100 से अधिक परियोजना प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार और मित्र भी मौजूद थे। एनएचएसआरसीएल ने इस अवसर का उपयोग एक बार फिर से परियोजना प्रभावित परिवारों के साथ जुड़ने के लिए किया और उन्हें अपने अधिकारों और मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना से लाभों के बारे में जानकारी दी।

एनएचएसआरसीएल की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया मुआवजा देने, पुनः स्थापन एवं पुनर्वासन सहायता आदि तक सीमित नहीं है; बल्कि इसमें परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए कौशल विकास, आय की बहाली के लिए प्रशिक्षण वृद्धि और आजीविका बहाली के विकास और आय सृजन के अवसर प्रदान करना भी शामिल हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए गहन जुड़ाव किया जा रहा है कि सभी पीएपी (परियोजना प्रभावित व्यक्तियों) को उपलब्ध विकल्पों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी दी जाए और भाग लेने के लिए पर्याप्त अवसर भी दिए जाएं।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से 200 से अधिक प्रशिक्षु लाभान्वित हुए हैं और उनमें से कुछ लोगों को नौकरी पर रखा जा चुका है या कुछ लोग अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर चुके हैं।

एमएएचएसआर कॉरिडोर के विभिन्न गांवों में मोबाइल रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, बाइक रिपेयरिंग, इलेक्ट्रीशियन आदि सहित कई समान प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कॉरिडोर के विभिन्न जिलों में चलाए जा रहे प्रशिक्षण संस्थानों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक सूची, इन प्रशिक्षणों में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र और इसके लिए जिम्मेदार एनएचएसआरसीएल अधिकारियों के संपर्क विवरण हमारी आधिकारिक वेबसाइट: www.nhsrcl.in पर उपलब्ध हैं।

सुषमा गौर

प्रवक्ता / एनएचएसआरसीएल

फोन 9810296813

आरएसईटीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हैं, यह ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) की एक पहल है जो उद्यमिता विकास की दिशा में ग्रामीण युवाओं के प्रशिक्षण और कौशल उन्नयन के लिए देश के प्रत्येक जिले में समर्पित अवसंरचना स्थापित करने का उद्देश्य रखता है। आरएसईटीआई को बैंकों द्वारा भारत सरकार और राज्य सरकारों के सक्रिय सहयोग से प्रबंधित किया जाता है।